## संपादकीय

# असहमति के सवाल

कुछ विपक्षी सांसदों की असहमति के बीच संसद की संयुक्त समिति ने निजी डेटा सुरक्षा विधेयक पर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया। समिति में शामिल विपक्षी सांसद केंद्रीय जांच एजेंसियों को कानून के दायरे से बाहर रखने का विरोध कर रहे थे। उनकी आशंका है कि इससे सरकारी एजेंसियों को असीमित अधिकार मिल जायेंगे। वहीं समिति का कहना था कि सरकार को जांच एंजेसियों को बाहर रखने का अधिकार है और ऐसी अनुमति केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर ही दी जा सकती है। करीब दो साल तक चली लंबी चर्चा के बाद संयुक्त संसदीय समिति ने सोमवार को इस रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया, जिसके कुछ बिंदुओं पर असहमति का नोट कांग्रेस, बीजू जनता दल व तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने दिया। दरअसल, लोगों के निजी डेटा की सुरक्षा तथा डेटा सुरक्षा प्राधिकरण के स्थापना के उद्देश्य से यह विधेयक वर्ष 2019 में सदन में पेश किया गया था। कालांतर में इस विधेयक को इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर व्यापक विचार-विमर्श तथा जरूरी सुझावों के लिये जेपीसी के पास भेजा गया था। इस विधेयक के अनुसार केंद्र सरकार देश हित, राज्य की सुरक्षा, लोक व्यवस्था तथा राष्ट्र की संप्रभुता व अखंडता संरक्षण हेतु जांच एजेंसी को प्रस्तावित कानून के दायरे से छूट दे सकती है। वहीं विपक्षी सदस्य एजेंसियों को असीमित छूट देने के पक्ष में नहीं थे। उनका सुझाव था कि ऐसी छूट के मामले में संसद की मंजूरी लेना आवश्यक किया जाना चाहिए ताकि इन एजेंसियों को जवाबदेह बनाया जा सके। बहरहाल, माना जा रहा कि आसन्न शीतकालीन सत्र में यह विधेयक सरकार को घेरने का विपक्ष का हथियार बन सकता है। उल्लेखनीय है कि जेपीसी ने इस प्रस्तावित कानून को लेकर 93 अनुशंसाएं प्रस्तुत की हैं। समिति का कहना है कि सरकार के कार्य व नागरिकों की निजता की सुरक्षा के बीच सामंजस्य बनाने का प्रयास किया गया है। वहीं समिति प्रमुख का तर्क है कि इस प्रस्तावित कानून से डेटा सुरक्षा के अंतर्राष्ट्रीय मानकों का निर्धारण होगा।

दरअसल, संयुक्त संसदीय समिति ने प्रस्तावित विधेयक में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को पब्लिशर्स के रूप में मानने के साथ ही उससे संबंधित डेटा को निगरानी व जांच के अधिकार को भी विधेयक के दायरे में लाने की संस्तुति की है। इसी मकसद से विधेयक में डेटा सुरक्षा प्राधिकरण की स्थापना प्रस्तावित है। दो साल के व्यापक मंथन के बाद कई सुधारों से संबंधित सुझावों को मान लिया गया है। समिति ने विधेयक के कार्यक्षेत्र विस्तार के लिये दिये सुझाव में गैर-व्यक्ति गत डेटा व इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर द्वारा जुटाये गये डेटा को भी इस विधेयक के अधिकार क्षेत्र के दायरे में रखा है, जिसमें तमाम सोशल मीडिया मंच भी शामिल हैं। समिति का तर्क रहा है कि सरकार के कार्य व नागरिकों की निजता की सुरक्षा के मध्य सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया गया है। कहा जा रहा है कि शीतकालीन सत्र में पेश किये जाने वाले विधेयक का असर डिजिटल अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। समिति की मान्यता रही है कि गैर-व्यक्ति गत डेटा के संरक्षण हेतु व्यवस्था बनाने के लिये इस बिल को विस्तार दिया जाना चाहिए। समिति का सुझाव है कि डिजिटल, सॉफ्टवेयर कंपनियों, इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर द्वारा एकत्र डेटा को भी प्रस्तावित कानून के दायरे में लाया जायेगा। साथ ही डेटा सुरक्षा प्राधिकरण निगरानी, परीक्षण व सर्टिफिकेशन के लिये नया तंत्र विकसित करेगा ताकि हार्डवेयर उपकरणों की प्रामाणिकता सुनिश्चित होने से लोगों की निजता की रक्षा की जा सके। साथ ही सोशल मीडिया संचालकों की जवाबदेही भी तय की जा सके, जिसके लिये संसदीय समिति ने डेटा जुटाने वाली फर्मों को दो वर्ष का समय देने की बात कही है, ताकि वे अपनी कार्यप्रणाली को प्रस्तावित कानून के प्रावधान के अनुरूप ढाल सकें। इसके साथ ही समिति ने निजी कंपनियों को भी बिल की परिधि में लाने हेतु दो वर्ष का समय देने का सुझाव दिया है। बहरहाल, संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में इस मुद्दे पर गरमा-गरम बहस होने की बात कही जा रही है।

# इंटरनेट अर्थव्यवस्था और समात का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा : वैष्णव

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि इंटरनेट अर्थव्यवस्था और समाज का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है और शासन के अपने मानदंडों को परिभाषित करना महत्वपूर्ण है और देश के सबसे दूर दराज़ के हिस्से में हाशिए पर रहने वाले लोगों पर ध्यान केंद्रित करते हुए डिजिटल भेदभाव को समाप्त करना होगा।



श्री वैष्णव ने आज इंटरनेट गवर्नेंस पर 3 दिवसीय ऑनलाइन कार्यक्रम इंडिया इंटरनेट गवर्नेंस फोरम 2021 (आईआईजीएफ-2021) का उद्घाटन किया। इसका आयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) और नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनआईएक्सआई) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। यह कार्यक्रम इंटरनेट की शक्ति के माध्यम से भारत को सशक्त बनाना विषय पर केंद्रित है, जो डिजिटलीकरण की कार्य योजना पर चर्चा करने और भारत के विश्व स्तर पर एक आवश्यक भागीदार के रूप में पुष्टि करने के लिए इंटरनेट शासन प्रणाली के हितधारकों को एक साथ ला रहा है। यह कार्यक्रम, इंटरनेट शासन प्रणाली पर अंतर्राष्ट्रीय नीति विकास में डिजिटलीकरण की भूमिका और महत्व को भी उजागर करने जा रहा है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी (एमईआईटीवाई) राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर, एमईआईटीवाई सचिव अजय प्रकाश साहनी, नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनआईएक्सआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. निर्मिता नरसिम्हन भी इस मौके पर उपस्थित थे।

श्री वैष्णव ने कहा कि ऑनलाइन साझा की गई सामग्री का स्वामित्व तय करना भी महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से सोशल मीडिया पर ऑनलाइन साझा की जाने वाली चीजों पर विश्वास करने के लिए युवा मस्तिष्क आसानी से ललचाता है और जिम्मेदारियों को तय करने की आवश्यकता होती है। ऑनलाइन व्यवधान के सामाजिक प्रभाव को देखना भी महत्वपूर्ण है। आज, ई-कॉमर्स ने छोटे व्यवसायों को बाधित कर दिया है और इसका सामाजिक प्रभाव पड़ा है। हमें छोटे लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए काम करना होगा। साइबर सुरक्षा पर अधिकतम ध्यान देने की आवश्यकता है। पूरे सिस्टम को फिरौती के लिए बंधक बनाया जा सकता है। क्या हम साइबर सुरक्षा के लिए एक मजबूत प्रणाली विकसित कर सकते हैं।

श्री चंद्रशेखर ने कहा, सबसे बड़े संपर्क वाले देशों में से एक भारत पहले आईआईजीएफ की मेजबानी कर रहा है और इसका आयोजन लंबे समय से अटका हुआ था। सरकार इंटरनेट को सर्व सुलभ, सुरक्षित और भरोसेमंद तथा सभी के लिए जवाबदेह बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सरकार के साथ-साथ बड़े व्यवसायों दोनों के प्रभाव से भी मुक्त रहना चाहिए और यह नरेन्द्र मोदी सरकार के लिए विश्वास का एक विषय है। हमारे पास जल्द ही एक अरब भारतीय होंगे जिनमें महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और अन्य लोग ऑनलाइन जुड़े होंगे और सरकारी सेवाओं, सब्सिडी आदि का लाभ उठा रहे होंगे।

# तेज गेंदबाज पैट कमिंस बने ऑस्ट्रेलिया टीम के नए कप्तान

**मेलबर्न।** वर्ल्ड नंबर-1 टेस्ट बॉलर पैट कमिंस को ऑस्ट्रेलिया का 47वां टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया है जबकि पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ को उपकप्तान बनाया गया है। टिम पेन ने हाल ही में विवाद में फंसने के कारण अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद ये दोनों नियुक्तियां हुई हैं। बता दें कि कमिंस इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया के 47वें टेस्ट कप्तान बन गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की पांच सदस्यीय चयन समिति के सामने साक्षात्कार प्रक्रिया के बाद कमिंस की नियुक्ति की गई है।

इसके साथ ही पैट कमिंस ऑस्ट्रेलिया के लिए पूर्णकालिक टेस्ट कप्तान बनने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। साथ ही, वह महान गेंदबाज रिची बेनो के बाद किसी भी फॉर्मेट में कंगारू टीम की कप्तानी करने वाले पहले गेंदबाज होंगे। वहीं, पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ को टेस्ट टीम का उप-कप्तान नियुक्त किया गया है।

दुनिया के नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज कमिंस ने कहा, मैं एशेज सीरीज से पहले इस भूमिका को स्वीकार करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं वही नेतृत्व प्रदान कर सकता हूं जो टिम पेन ने पिछले कुछ वर्षों में ग्रुप को दिया है।

# गैस की खपत भारत में 2030 तक तीन गुना से अधिक बढ़ जाएगी : गेल निदेशक

**नई दिल्ली।** गेल (इंडिया) के विपणन निदेशक ई एस रंगनाथन ने कहा कि इस दशक के अंत तक भारत में प्राकृतिक गैस की खपत बढ़कर 55 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन होने का अनुमान है। यह इस समय लगभग 17.4 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन है। उन्होंने कहा कि इसकी वजह इस्पात जैसे नए उद्योगों को शामिल करने के साथ उपयोगकर्ता आधार का विस्तार होना है। रंगनाथन ने बृहस्पतिवार को ईटीएनर्जीवर्ल्ड गैस कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि 2070 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन की प्रतिबद्धता से जुड़े क्रांतिकारी कदम ने भारतीय अर्थव्यवस्था के एक




स्वच्छ और कम उत्सर्जन वाली अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने को दृढ़ता से प्रदर्शित किया है।

उन्होंने कहा, अब हमारे पास प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण से कोयले को चरणबद्ध तरीके से कम करने को लेकर एक निश्चित नीतिगत दिशा है, जिसके लिए हमारे लक्ष्य भारत की ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाए गए हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, ब्लू हाइड्रोजन और अमोनिया जैसे व्युत्पन्न उत्पादों के साथ... शुद्ध-शून्य उत्सर्जन तक बढ़ने में एक बड़ी भूमिका होगी।

इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) को बोनस शेयर जारी करने और अधिकृत शेयर पूंजी में वृद्धि के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि कंपनी के शेयरधारकों ने 25 नवंबर, 2021 को निर्धारित रिमोट ई-मतदान डाक मतपत्र प्रक्रिया के माध्यम से अपेक्षित बहुमत से प्रस्तावों को मंजूरी दे दी।

21 अक्टूबर, 2021 को कंपनी के बोर्ड ने बोनस शेयरों के निर्गम को मंजूरी दी थी, जिसमें शेयरधारकों को उनके द्वारा रखे गए प्रत्येक शेयर के लिए दो बोनस शेयर मिलेंगे। कंपनी की वर्तमान अधिकृत शेयर पूंजी 40.25 करोड़ रुपये है। कंपनी ने बोनस शेयर जारी करने को कवर करने के लिए अपनी अधिकृत शेयर पूंजी को बढ़ाकर 100 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव रखा है।

# 64वीं राष्ट्रीय राइफल शूटिंग चैंपियनशिप भोपाल में शुरू

**भोपाल।** 64वीं राष्ट्रीय राइफल शूटिंग चैंपियनशिप आज यहां प्रारंभ हुयी, जिसमें देश के 3500 से अधिक खिलाड़ी शिरकत कर रहे हैं। प्रतियोगिता में लगभग 70 स्वर्ण पदक दाव पर रहेंगे।भोपाल के समीप बिसनखेड़ी में अत्याधुनिक शूटिंग अकादमी में प्रारंभ हुयी यह प्रतियोगिता 10 दिसंबर तक चलेगी और इसमें 41 यूनिट के 3500 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के शूटर (निशानेबाज) अपना कौशल दिखाएंगे। प्रतियोगिता के दौरान 10 मीटर और 50 मीटर के इवेंट खेले जाएंगे।

आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता के पहले दिन खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया और अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। कुल 3500 खिलाड़ियों में से लगभग 2200 पुरुष और 1300 महिलाएं शामिल हैं। प्रतियोगिता में 18 साल से कम के पुरुष खिलाड़ियों की संख्या 706 और महिलाओं की संख्या 504 है। मुकाबले प्रतिदिन सुबह सवा आठ बजे से शाम पांच बजे तक खेले जाएंगे।प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का 256 सदस्यीय दल भी शिरकत कर रहा है। सबसे बड़ा दल महाराष्ट्र का है, जिसके 518 सदस्य आए हैं। इसमें उत्तरप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों के खिलाड़ी भी शामिल हो रहे हैं। राज्य के खेल एवं युवा कल्याण विभाग और भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस ने किया।

# भारत ने कनाडा को 13-1 से पीटा

**भुवनेश्वर।** गत चैंपियन भारत ने कल फ्रांस से मिली हार के झटके से उबरते हुए कनाडा को यहां कलिंगा स्टेडियम में खेले गए जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट के पूल बी मैच में 13-1 के बड़े अंतर से पीट दिया।



भारत की दो मैचों में यह पहली जीत है। उसे कल फ्रांस से 4-5 से नजदीकी हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन उस हार का सारा गुस्सा भारतीय खिलाड़ियों ने कनाडा पर निकाल दिया। भारत ने पहले हाफ में चार गोल और दूसरे हाफ में नौ गोल दागे। भारत की इस एकतरफा जीत में हुंदल अरिजीत सिंह ने तीन गोल दागे।

भारत ने मैच के तीसरे क्वार्टर तक 7-1 की मजबूत बढ़त बना ली थी। भारत ने उत्तम सिंह के तीसरे मिनट के गोल से बढ़त बना ली थी। कप्तान विवेक सागर प्रसाद ने आठवें मिनट में भारत की बढ़त को 2-0 पहुंचा दिया। संजय ने 17वें मिनट में मिले पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में तब्दील कर भारत को तीन गोल से आगे कर दिया। मनिंदर सिंह ने 27वें मिनट में भारत का चौथा गोल दागा। कनाडा का मैच का एकमात्र गोल 30वें मिनट में क्रिस्टोफर तारदीफ़ ने किया।

भारत ने तीसरे और चौथे क्वार्टर में बदली हुई रणनीति के साथ खेलते हुए कनाडा की रक्षापंक्ति को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। संजय ने 32वें मिनट में भारत का पांचवां, शारदानंद तिवारी ने 35वें मिनट में छठा,अरिजीत सिंह ने 40वें मिनट में सातवां और उत्तम सिंह ने 47वें मिनट में भारत का आठवां गोल दागा।

अरिजीत ने 50वें और 51वें मिनट में लगातार दो गोल कर स्कोर 10-1 पहुंचा दिया। उत्तम सिंह ने 53वें मिनट में भारत का 11वां और अभिषेक लाकड़ा ने 55वें मिनट में 12वां गोल किया। संजय ने 59वें मिनट में भारत का 13वां गोल दागा। भारत इस जीत के बाद अपने ग्रुप की तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। भारत को अपना आखिरी ग्रुप मुकाबला पोलैंड से 27 नवम्बर को खेलना है।

# फिल्म बॉब बिस्वास की शूटिंग के दौरान 105 किलो के हो गए थे अभिषेक बच्चन

अभिषेक बच्चन की फिल्में हिट रही हों या फ्लॉप, लेकिन उन्होंने हमेशा अपने किरदारों के साथ प्रयोग करने की कोशिश की है। आजकल अभिषेक फिल्म बॉब बिस्वास को लेकर सुर्खियों में हैं। जब से इसका ट्रेलर रिलीज हुआ है, इसे लेकर दर्शकों का उत्साह और बढ़ गया है। हाल ही में अभिषेक ने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान उनका वजन 100 किलो से ऊपर हो गया था। आइए जानते हैं अभिषेक ने क्या कुछ कहा।



अभिषेक ने कहा, सर्दियों में कोलकाता में शूटिंग के दौरान कोलकाता के सभी अद्भुत मिठाइयां खाकर वजन बढ़ाना मजेदार था, लेकिन मानसिक रूप से मैं फंस गया था। उन्होंने कहा, हमें लॉकडाउन के कारण आधी शूटिंग पूरी करने के बाद काम बंद करना पड़ा था। हमने लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा कर लिया था। हमारे पास 10-15 दिन और काम बचा था। लॉकडाउन के दौरान मुझे वह वजन बनाए रखना था, जो बहुत कठिन था।

अभिषेक को निर्देशक दीया घोष ने प्रोस्थेटिक्स का उपयोग करने का सुझाव दिया था, लेकिन अभिषेक इसके लिए तैयार नहीं थे। उन्होंने कहा, जब आप चेहरे पर प्रोस्थेटिक्स का इस्तेमाल करते हैं तो वह प्रोस्थेटिक जैसा ही दिखता है और पेट अलग लगता है। उन्होंने कहा, शूटिंग के दौरान मेरा वजन 100-105 किलो हो गया था। अगर आप बॉब का चेहरा देखते हैं तो गोल-मटोल दिखता है। गाल भरे हुए हैं।

# वरुण धवन दिखे 'भेड़िया' के अवतार में, डरावना है उनका फर्स्ट लुक

बहुत दिनों से वरुण धवन और कृति सेनन की फिल्म भेड़िया को लेकर बज बना हुआ था. ये एक हॉरर कॉमेडी फिल्म बताई जा रही है. इस फिल्म में वरुण धवन के किरदार का फर्स्ट लुक पोस्टर अब सामने आ गया है. इस पोस्टर में वरुण धवन बहुत डरावने नजर आ रहे हैं. उनका ये पोस्टर आने के बाद से चारों तरफ उनके इस किरदार की चर्चा शुरू हो गई है.



वरुण धवन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से भेड़िया का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया. जिसमें वरुण खतरनाक लुक में नजर आ रहे हैं. उनका लुक बहुत डरावना है. आंखें बिल्कुल भेड़िया के जैसे चमक रही हैं. पोस्टर देख कर लग रहा है वो इस फ़िल्म में भेड़िया के रोल में नजर आएंगे. इस फिल्म के पोस्टर पर जिस अंदाज में भेड़िया लिखा गया है और उसपर पंजों के निशान बने हैं. वो इस फिल्म के प्रति दर्शकों को रुचि बढ़ा सकता है.

## आज का राशिफल

*मेषः* आज आपको मां की बीमारी के विचार सताएंगे। स्त्री एवं पानी से बचने की सलाह है। अभ्यास के लिए समय मध्यम है।

*वृषभः* आप कल्पना शक्ति से सर्जनात्मक काम कर सकेंगे। परिवारवाले या दोस्तों के साथ अच्छा भोजन करने का मिलेगा।

*मिथुनः* आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आप के जरूरी काम भी शुरु में विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर आप शांति का अहसास करेंगे।

*कर्कः* आज आप के मन में प्यार एवं भावना छलक उठेंगे और आप उसके प्रवाह में रहेंगे। प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के सहवास से आप रोमांचित रहेंगे।

*सिंहः* आज कोर्ट-कचहरी के प्रश्न में सावधानी बरतने की सलाह देते हैं। महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं वर्तन में संपर्क रखें।

*कन्याः* मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। स्त्री मित्र विशेष लाभदायी रहेंगे।

*तुलाः* नौकरी में पदोन्नति के योग देख रहे हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव का उल्लास का माहौल बना रहेगा।

*वृश्चिकः* आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से मिश्रित होगा। लेखन- साहित्य से जुडी प्रवृत्ति करेंगे। व्यवसाय के स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी।

*धनुः* कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा। काम समय से पूरा नहीं होगा। काम का बोझ ज्यादा रहेगा।

*मकरः* व्यापार वृद्धि के योग हैं। इस के अलावा दलाली, व्याज, कमिशन में से मिलनेवाले पैसे आप के भंडार में वृद्धि करेंगे। प्रेमियों के लिए आज प्रणय परिचय का योग है।

*कुंभः* वर्तमान समय में आप को कार्यों में सफलता मिलेगी एवं यशकीर्ति प्राप्त होगी। आज आप के स्वभाव में ज्यादा भावुकता रहेगा। मायके की ओर से कोई अच्छे समाचार मिलेंगे।

*मीनः* आज का दिन विद्यार्थियों के लिए अच्छा होने का कहते हैं। उनको अभ्यास में सफलता मिलेगी एवं प्रगति के लिए नया मौका प्राप्त होगा।

# गुजरात से लेकर बिहार तक मशहूर है दाल ढोकली

## सामग्री :



अरहर दाल- 1 कप, टमाटर- 2, नमक-स्वादानुसार, हल्दी पाउडर- 1/2 टीस्पून, पानी- आवश्यकतानुसार

**ढोकली के लिए-** आटा- 3/4 कप, बेसन- 2 टीस्पून, नमक-स्वादानुसार, हल्दी पाउडर- 1/4 टीस्पून, लाल मिर्च पाउडर- 1/2 टीस्पून, धनिया पाउडर- 1 टीस्पून, अजवाइन- 1/4 टीस्पून, तेल- 1 टीस्पून, पानी- आवश्यकतानुसार

**तड़के के लिए-** घी या तेल- 1 टीस्पून, जीरा- 1 टीस्पून, अदरक-हरी मिर्च- 1 टीस्पून, मेथी दाना- 1/4 टीस्पून, हींग- 1/4 टीस्पून, हल्दी पाउडर- 1/2 टीस्पून, लाल मिर्च पाउडर- 1/2 टीस्पून, धनिया पाउडर- 1 टीस्पून, पानी- आवश्यकतानुसार

## विधि :

अरहर दाल को नमक, हल्दी और टमाटर के साथ अच्छी तरह से पका लें। कुकर का प्रेशर खुद से निकलने दें।

**ढोकली बनाने के लिए-** एक बाउल में आटा, नमक, हल्दी, लाल मिर्च, धनिया, अजवायन और तेल डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। धीरे-धीरे पानी डालते हुए नरम आटा गूंथ लें। ढककर सेट होने के लिए 20 मिनट रख दें। अब इनकी लोइयां बनाएं। हर एक लोई को बेल लें। बहुत पतला नहीं रखना है। थोड़ा मोटा ही रहने दें। इसे डायमंड या चौकोर शेप में काट लें।

**तड़का तैयार करने के लिए –** पैन में घी गर्म करें। इसमें जीरा, हरी मिर्च, अदरक डालकर तड़काएं। इसमें दाल के साथ उबले हुए टमाटर डालकर मिक्स करें। 3-4 मिनट बाद इसमें मेथी दाना, हींग, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर और नमक मिक्स करें। इसके बाद उबली हुई दाल डालेंगे। अब बारी है इसमें ढोकली मिक्स करने की। ढोकली डालने के बाद इसे थोड़ी देर ढककर पकाएं। दो मिनट बाद ऊपर से हरा धनिया और घी डाल दें। तैयार हो चुकी है आपकी दाल ढोकली सर्व करने के लिए।


# शब्द सामर्थ्य- 271

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 270 का हल**



# सू-दोकू- 271

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.270 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |